अनुक्रमांक ............................. कूट सं. : 820141.1–$SA_2$(M)

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं और कुल 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

# कक्षा - आठवीं

# हिंदी

## ( संकलनात्मक मूल्यांकन - II

निर्धारित समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 90

1. इस प्रश्नपत्र के दो खंड हैं – 'क' और 'ख' ।
2. दोनों खंड अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
4. उत्तर–पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रमसंख्या लिखिए जो प्रश्नपत्र में दी गई है।

## खंड - 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए :- ×

'साँच बराबर तप नहीं' सूक्ति में सत्य के महत्त्व को स्वीकार किया गया है। सत्य के मार्ग पर चलना अपने आप में तप है। सत्य का मार्ग कठिन होता है, कँटीला होता है। तप करने की ताकत रखने वाला ही इस पर चल सकता है। तप वही कर सकता है जिसका हृदय साफ़, निष्पाप व एकाग्रचित्त हो। 'सत्य' मानव हृदय के गौरव का प्रतीक है। सत्य बोलने वाले के मुख पर एक अलग ही तेज होता है। तप और सत्य मिलकर मानव जीवन को विकास की राह पर अग्रसर करते हैं। सत्य अटल है। लाख झूठ भी उसके सम्मुख नहीं टिक सकते। झूठ बुलबुले की भाँति है जिसका अस्तित्व क्षणिक है। सत्य स्थायी है, चिरन्तन है। सौ झूठ को भेदकर सत्य बाहर निकल ही आता है। तप और सत्य का मार्ग कठिन है, किन्तु कल्याणकारी है।

(क) सत्य का मार्ग कैसा होता है?

(i) काँटों से भरा और कमज़ोर (ii) कँटीला व सरल

(iii) कँटीला और कठिन (iv) कँटीला और क्षणिक

(ख) तप कैसा व्यक्ति कर सकता है?

(i) जिसका दिमाग कुशाग्र एवं एकाग्रचित्त हो।

(ii) जिसका हृदय साफ़, निष्पाप एवं एकाग्रचित्त हो।

(iii) जिसका दिमाग चंचल एवं लक्ष्यरहित हो।

(iv) जिसका हृदय अशांत, निष्पाप एवं निश्छल हो।

(ग) सत्य किसका प्रतीक है?

(i) मानव हृदय के प्यार का (ii) मानव हृदय के सौभाग्य का

(iii) मानव हृदय के व्यक्तित्व का (iv) मानव हृदय के गौरव का

(घ) मानव जीवन को विकास की राह पर कौन अग्रसर करता है?

(i) सत्य और तप (ii) स्वास्थ्य और तप

(iii) संयम और सत्य (iv) तप और संयम

(ङ) सत्य और झूठ में क्या अंतर है?

(i) झूठ एक बार बोलना पड़ता है और सत्य सौ बार।

(ii) सत्य क्षणिक है और झूठ चिरन्तन व स्थायी।

(iii) सौ बार झूठ बोलना एक सत्य के बराबर है।

(iv) झूठ क्षणिक है और सत्य चिरन्तन व स्थायी।

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए :- **5×1=5**

कर्मों में अधिकार तेरा, मत चिंता कर क्या फल मिलना है,
फल जैसा भी हो, तुझको तो निरंतर कर्म ही करना है।
फल पाने की इच्छा से जो किया कर्म तो वह खोटा है,
कर्मयोग का शरणागत हो, फल का इच्छुक तो रोता है।
समबुद्धियुक्त जो किया कर्म, पर नहीं फलों की अभिलाषा है,
पूर्ण कुशलता से करना हर कर्म योग की परिभाषा है।

(क) कवि ने क्या करने को कहा है?

(i) फल के विषय में सोचने को (ii) ईश्वर की भक्ति करने को

(iii) निरंतर कर्मरत रहने को (iv) बुद्धि का प्रयोग करने को

(ख) कैसा कर्म व्यर्थ बताया गया है?

(i) जो फल की इच्छा से किया गया हो

(ii) जिससे भला हो

(iii) जिससे स्वयं को कष्ट पहुँचे

(iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) 'कर्मयोग का शरणागत' का क्या भाव है?

(i) सिर्फ योग करना (ii) ईश्वर की शरण में जाना

(iii) योग और तप करना (iv) कर्मशील होना

(घ) प्रस्तुत काव्यांश में कवि ने क्या संदेश दिया है?

(i) फल के बारे में सोचकर कार्य करना चाहिए

(ii) नि:स्वार्थ भाव से कार्य करना चाहिए

(iii) स्वयं की क्षमता देखकर कार्य करना चाहिए

(iv) दूसरों का अहित कर कार्य करना चाहिए

(ङ) 'कर्मयोग' की परिभाषा क्या है?

(i) फल के अनुसार कर्म करना (ii) भाग्य पर छोड़ देना

(iii) योग के द्वारा कर्म करना (iv) पूर्ण कुशलता से कर्म करना

3. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किसी <u>एक</u> शब्द की संधि कीजिए :- 1

(i) सत् + चरित्र (ii) उमा + ईश

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी <u>एक</u> शब्द का संधिविच्छेद कीजिए :- 1

(i) तृष्णा (ii) पित्रागमन

4. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> शब्दों की भाववाचक संज्ञा बनाइए –

ऊँचा, दयालु, पढ़ना 2

5. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं <u>दो</u> शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए – 2

घर, पत्नी, संध्या

(ख) निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> शब्द का विलोम शब्द लिखिए – 1

(i) नवीन (ii) उदार

6. (क) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए <u>एक</u> शब्द लिखिए – 1

अनुकरण करने योग्य

(ख) 'पमाण' शब्द में 'र' का उचित प्रयोग कीजिए। 1

7. (क) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध करके पुन: लिखिए :- 1

मेरे को सुनाई नहीं देता।

(ख) (i) निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम-चिह्न का प्रयोग कीजिए – 1

उसका रोम रोम पुलकित हो उठा

(ii) ; विराम चिह्न का नाम लिखिए। 1

(ग) (i) रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए :- **1**

मुझे परीक्षा देनी है इसलिए लखनऊ जा रही हूँ।

(ii) निम्नलिखित वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए :- **1**

मैंने एक बहुत बीमार आदमी देखा।

8. (क) 'निर्मल' शब्द में से उपसर्ग और मूल शब्द पृथक् कीजिए। **1**

(ख) 'आई' प्रत्यय लगाकर एक नया शब्द बनाइए। **1**

9. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए - **2**

मालगोदाम, आजन्म, लंबोदर

(ख) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों के स्थान पर समस्त-पद लिखिए और समास का नाम बताइए :- **1**

इलाहाबाद में तीन नदियों का संगम स्थल है।

**अथवा**

बेटी अपनी माँ के लिए प्राणों के समान प्रिय है।

10. (क) (i) निम्नलिखित में से किसी एक मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- **2**

तिल का ताड़ बनाना, चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना

(ii) उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :- **1**

शिष्य अपने गुरु को ........................ है।

**अथवा**

समाज में बेटे वाले अपने आपको ........................ समझते हैं।

(ख) 'रूपक' अथवा 'अतिशयोक्ति' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। **2+1=3**

11. विद्यालय में खेल सामग्री मँगवाने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

आपकी वार्षिक परीक्षा समाप्त हो चुकी है। मनाली घूमने जाने के लिए अनुमति माँगते हुए पिताजी को पत्र लिखिए।

12. निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :- **5**

(क) बालश्रम : विकट समस्या

- बालश्रम-एक समस्या
- बालश्रम के कारण
- समाधान

(ख) हमारे राष्ट्रीय पर्व

- पर्वों का महत्त्व तथा प्रकार
- तीनों राष्ट्रीय पर्व - कब, क्यों और कैसे मनाए जाते हैं
- संदेश

(ग) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

- प्रकृति पर विजय
- जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियाँ
- उत्पन्न समस्याएँ और समाधान

## खंड - 'ख'

13. प्रस्तुत काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए :- **1×5=5**

गर्मी की दोपहरी में
तपे हुए नभ के नीचे
काली सड़कें तारकोल की
अंगारे-सी जली पड़ी थीं
छाँह जली थी पेड़ों की भी
पत्ते झुलस गए थे
नंगे-नंगे दीर्घकाय, कंकालों से वृक्ष खड़े थे
हों अकाल के ज्यों अवतार।

(क) प्रस्तुत काव्यांश में दिन के किस पहर का वर्णन किया गया है?

(i) रात (ii) दोपहर

(iii) प्रातः (iv) सायं

(ख) गर्मी में सड़कें कैसी हो गई थीं?

(i) तारकोल जैसी (ii) साँप जैसी,

(iii) अंगारे जैसी (iv) अँगीठी जैसी

(ग) अकाल का अवतार किसे कहा गया है?

(i) सड़क को (ii) पत्तों को

(iii) नभ को (iv) पेड़ों को

(घ) 'कंकालों से वृक्ष' में कौन-सा अलंकार है?

(i) उपमा (ii) यमक

(iii) श्लेष (iv) उत्प्रेक्षा

(ङ) प्रस्तुत काव्यांश के कवि कौन हैं?

(i) शाकुंत माथुर (ii) शकुंत माथुर

(iii) शकुंत चौहान (iv) शकुंत लाल

14. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- **1×5=5**

महिलाएँ भी पड़ोसी धर्म निभाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ती हैं। उनका सिलसिला चीनी और चाय की पत्ती से शुरू होता है और एक-दूसरे की साड़ी-शॉल पर आकर टूट जाता है। हमें एक दिन घर पर पड़ोसी की बेटी को एक बंडल लाते देखकर आश्चर्य हुआ। अपने और पड़ोसी के सड़क के संबंध हैं। उनमें घर में घुसना शामिल नहीं है। उसने चहकते हुए सूचित किया, "आंटी, आंटी! मम्मी ने आपकी साड़ियाँ प्रेस करवाकर भेजी हैं। उन्होंने अपना तूश का शॉल वापस मँगाया है।" अपन चकराए। हम पुरुष कचरा ढोने-फेंकने में लगे रहे और यहाँ साड़ी-गजरा आने-जाने लगा।

(क) महिलाएँ पड़ोसी धर्म निभाने का सिलसिला कहाँ से शुरू करती हैं?

(ख) शॉल किससे बना हुआ था?

(ग) लेखक को क्या देखकर आश्चर्य हुआ?

(घ) पड़ोसी की बेटी क्या वापस माँगने आई थी?

(ङ) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक का नाम लिखिए।

15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :- **3×3=9**

(क) गाँधी जी कागज़ का अपव्यय किस प्रकार रोकते थे?

(ख) बच्चों ने यह निश्चय क्यों किया कि अब हम हिलकर पानी भी नहीं पीएँगे?

(ग) लेखक पड़ोसी की केबल का तार काटने को किस प्रकार सही ठहराते थे?

(घ) यशोदा मैया से कौन, क्या शिकायत कर रहा है?

16. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग <u>25-30 शब्दों</u> में लिखिए :- **5×3=15**

(क) 'ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से' पाठ में वकील साहब सुखी क्यों नहीं हैं?

(ख) 'कामचोर' पाठ में बच्चों ने बहुत सारे काम किए। दरी साफ करने पर घर की क्या हालत हुई?

(ग) 'बातचीत की कला' पाठ के आधार पर बताइए कि ऐसी कौन-सी बातें हैं जो बातचीत की कला पर बुरा प्रभाव छोड़ती हैं?

(घ) भोलाराम पंप क्यों लगवाना चाहता था और लोगों ने उसे क्या समझाया?

(ङ) लेखक ने 'अच्छे पड़ोसी के गुण' पाठ में व्यक्ति और देश के पड़ोसियों की तुलना क्यों की है?

(च) जीवनलाल ने अपनी बहू कमला को विदा करने से मना क्यों कर दिया?

17. निम्नलिखित प्रश्न का विस्तृत उत्तर दीजिए :- **1×5=5**

"भ्रष्टाचार हमारे जीवन को खा जाता है।" 'आश्रम के अतिथि और संस्मरण' पाठ के आधार पर प्रस्तुत कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

**<u>अथवा</u>**

"बेटी वाले होकर भी हमारी मूँछ ऊँची है।" 'बहू की विदा' एकांकी के आधार पर प्रस्तुत कथन को स्पष्ट कीजिए।

18. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए :- **1×6=6**

(क) महाराज दशरथ के चारों पुत्र किस चीज़ को माँगने की ज़िद करते हैं?

(i) परछाँई (ii) चंद्रमा

(iii) सूरज (iv) कुछ भी नहीं

(ख) भोलाराम की दरख्वास्त की तह को किसने धीरे-धीरे खोला?

(i) सिंचाई साहब　　(ii) पटवारी

(iii) जंगल साहब　　(iv) बिजली साहब

(ग) एक बड़ा-सा मुर्गा किसके पानदान में कूद पड़ा?

(i) अब्बा के　　(ii) हज्जन माँ के

(iii) अम्मा के　　(iv) बानी दीदी के

(घ) 'आश्रम के अतिथि और संस्मरण' पाठ में गाँधी जी से मिलने कौन आने वाला था?

(i) पं. जवाहर लाल नेहरू　　(ii) सुभाष चंद्र बोस

(iii) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम　　(iv) अबुल कलाम आज़ाद

(ङ) "तुम्हारी निंदा वही करेगा, जिसकी तुमने भलाई की है।" प्रस्तुत कथन किसने कहा है?

(i) ईश्वरचंद्र विद्यासागर　　(ii) नीत्से

(iii) रामधारी सिंह 'दिनकर'　　(iv) इनमें से कोई नहीं

(च) जीवनलाल ने प्रमोद से कितने रूपए माँगे?

(i) दस हज़ार　　(ii) पाँच हज़ार

(iii) पाँच सौ　　(iv) पचास हज़ार